**दिनांक : 11.04.2025** **समय : 07.10PM**

## आकाशवाणी मध्यप्रदेश से प्रस्तुत हैं प्रादेशिक समाचार

## मुख्य समाचार :-

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा सबका साथ–सबका विकास का मंत्र ही सरकार की नीति और निष्ठा भी है।
- मुख्यमंत्री ने इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ आर्किटेक्ट्स के राष्ट्रीय अधिवेशन का भोपाल में किया शुभारंभ।
- पोषण पखवाड़ा–2025 के तहत प्रदेश में हो रहा हैं विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन।
- प्रदेश के कई जिलों में बारिश और ओले गिरने का अलर्ट, लोगों को तेज गर्मी से मिलेगी राहत।

**अब समाचार विस्तार से–**

### प्रधानमंत्री दौरा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि गरीब और वंचित के उत्थान का संकल्प ,'सबका साथ, सबका विकास' का मंत्र और सेवा की भावना ही आज सरकार की नीति भी है और निष्ठा भी है। श्री मोदी आज प्रदेश के अशोकनगर के ईसागढ़ स्थित श्री आनंदपुर धाम में उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित कर रहे थे. सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का उल्लेख करते हुए श्री मोदी ने बताया कि परमार्थ ही सच्ची सेवा है ।

उन्होंने कहा कि अशोकनगर और आनंदपुर धाम ने इतना कुछ दिया है। हम इन क्षेत्रों के विकास के लिये द्वढ़ संकल्पित है।

इससे पहले प्रधानमंत्री ने परमहंस अद्वैत मत के मंदिरों में दर्शन किए, प्रमुख गुरु से भेंट की और सत्संग कार्यक्रम में शामिल हुए । कार्यक्रम में डॉ. मोहन यादव, केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीडी शर्मा सहित विभिन्न लोग मौजूद थे ।

### राष्ट्रीय अधिवेशन

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इंडियन इंस्टीटयूट ऑफ आर्कीटेक्ट्स राष्ट्रीय अधिवेशन 2025 ट्रांसम का कुशाभाउ ठाकरे सभागार, भोपाल में शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आर्किटेक्ट्स को विश्वकर्मा बंधु संबोधित करते हुए कहा कि अतीत से ही आर्किटेक्ट्स का विशेष महत्व रहा है। राजा भोज स्वयं बड़े वास्तुकार थे, भोपाल ताल सहित प्राचीन स्थापत्य के कई बड़े उदाहरण भोपाल और आसपास विद्यमान है। इस दृष्टि से भोपाल में हो रहा आर्किटेक्ट्स का सम्मेलन विशेष महत्व का है ।

### मुम्बई वेव्स 2025

केंद्रीय सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि रचनात्मक क्षेत्र से उभरती अर्थव्यवस्था में महाराष्ट्र और मुम्बई का विशेष महत्व है और तेजी से बदलती टैक्नोलॉजी के दौर में इसे बनाए रखने के लिए मुम्बई में वेव्स 2025 आयोजित किया जा रहा है। श्री वैष्णव महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के साथ

मुम्बई में वेव्स के आयोजन की तैयारियों की समीक्षा के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। गौरतलब है कि अगले महीने 1 से 4 मई तक मुम्बई में वेव्स का आयोजन होना है।

## पोषण पखवाड़ा

देशभर में पोषण पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। इसके अन्तर्गत स्वस्थ जीवनशैली को अपनाने पर बल देने के संबंध में पोषण आधारित विभिन्न कार्यक्रम और गतिविधियां आयोजित की जा रही है। छतरपुर जिले में कलेक्टर पार्थ जैसवाल के निर्देशन में प्रत्येक सप्ताह की थीम एवं गतिविधियों को जिला, परियोजना, सेक्टर स्तर एवं आंगनबाड़ी केन्द्रों में आयोजित किया जा रहा है। 8 अप्रैल से शुरू होकर 22 अप्रैल तक चलने वाले इस पखवाड़े में जीवन के प्रथम एक हजार दिवस पर केंद्रित गतिविधियां आयोजित की जा रही है।

## जल गंगा संवर्धन अभियान

प्रदेश में जल प्रबंधन और वर्षा जल संचयन की जन जागरुकता के लिए जल गंगा जल संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत शिवपुरी जिले में ग्राम धुवानी तालाब पर ग्रामीणों की सहभागिता से श्रमदान कर लोगों को जल संरक्षण के लिये प्रेरित किया गया। ग्वालियर जिले में जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट ने आज मुरार वैशली नदी पर चल रहे जलसंरक्षण एवं वृक्षारोपण कार्य का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संतुलन एवं भावी पीढ़ियों के भविष्य के लिये जलसंरक्षण जरूरी है । इस अभियान में नदी व तालाबों किनारे बड़े पैमाने पर पौधारोपण कराया जा रहा है। नीमच जिले में चलाए जा रहे जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जल संरचनाओं के निर्माण, जीर्णोद्धार, मरम्मत एवं जन सहयोग से जल संरचनाओं के साफ–सफाई का कार्य वृहद स्तर पर किया जा रहा है।

## मौसम

प्रदेश भीषण गर्मी और लू की चपेट में है। राज्य में सबसे अधिक तापमान रतलाम जिले में 44 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। तो रात का सबसे कम तापमान 15.4 डिग्री पचमढ़ी में रिकॉर्ड हुआ। इसी बीच मौसम विभाग के अनुसार, प्रदेश में अगले 3 दिन तक तेज गर्मी और लू से थोड़ी राहत मिलेगी। विभाग ने भोपाल, ग्वालियर, जबलपुर, उज्जैन समेत 42 जिलों में बारिश होने, तेज आंधी चलने या ओले गिरने का अलर्ट जारी किया है। आज प्रदेश के उत्तरी और दक्षिणी हिस्से के 17 जिलों में मौसम बदला रहेगा। ग्वालियर, चंबल, नर्मदापुरम, रीवा और जबलपुर संभाग के जिलों में हल्की बारिश, तेज आंधी और ओले गिर सकते हैं। 12 और 13 अप्रैल को प्रदेश के ज्यादातर जिलों में मौसम बदला रहेगा।

## हनुमान जयंती

कल हनुमान जयंती है। इस अवसर पर प्रदेश के मंदिरों में श्रद्वालुओं द्वारा पूजा–अर्चना की जायेगी। साथ ही हवन और भंडारों का आयोजन भी किया जायेगा। उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने हनुमान जयंती के शुभ अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि भगवान श्री हनुमान, शक्ति, भक्ति, साहस, सेवा और समर्पण के प्रतीक हैं। उनका जीवन हमें निष्ठा, अनुशासन और धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। प्रभु श्रीराम के प्रति उनकी अटूट भक्ति और निष्काम सेवा प्रत्येक नागरिक के लिए प्रेरणा स्रोत है। गुना जिले में स्थित श्री हनुमान टेकरी धाम में कल हनुमान जयंती के पावन अवसर पर विशाल एवं ऐतिहासिक मेले का आयोजन किया जाएगा।

## कुछ समाचार संक्षेप में

- शाजापुर में NH 52 पर एक सड़क  हादसे में पुलिस वाहन और एक कार की टक्कर हो गई। हादसे में कार में सवार 8 लोग और पुलिस वाहन में सवार करीब 10 से 12 पुलिसकर्मी घायल हुए।
- सागर के डॉक्टर हरीसिंह गौर केंद्रीय विश्वविद्यालय को नये अकादमिक भवनों और छात्रावासों के लिए 434.77 करोड़ रुपए स्वीकृत किये गए हैं।
- कर्नाटक के महामहिम राज्यपाल थावरचंद गेहलोत कल नीमच जिले के हर्खियाखाल बालाजी मंदिर में दर्शन कर, पूजा अर्चना करेंगे।
- झाबुआ कलेक्टर नेहा मीना ने बरखेडा ग्राम पंचायत में लगे समग्र ई केवायसी कैम्प का निरीक्षण किया।
- सीहोर जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में निरन्तर एवं सतत् पेयजल की व्यवस्था को सुचारू बनाये रखने के उद्देश्य से जिला लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग द्वारा ग्रीष्मकाल के लिए एक कार्ययोजना तैयार की गई है।
- छतरपुर जिले में राजस्व अधिकारियों ने गेहूं उपार्जन केन्द्रों का निरक्षण कर व्यवस्थाओं का अवलोकन कर केन्द्र प्रभारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए।

## मुख्य समाचार एक बार फिर ....

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा सबका साथ–सबका विकास का मंत्र ही सरकार की नीति और निष्ठा भी है।
- मुख्यमंत्री ने इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ आर्किटेक्ट्स के राष्ट्रीय अधिवेशन का भोपाल में किया शुभारंभ।
- पोषण पखवाड़ा–2025 के तहत प्रदेश में हो रहा हैं विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन।
- प्रदेश के कई जिलों में बारिश और ओले गिरने का अलर्ट, लोगों को तेज गर्मी से मिलेगी राहत।